संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 04 दिसंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 324 पृष्ठ: 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिव्यांग दिवस पर वर्ष 2023 के लिए दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति

## देश में केवल एक ही गारंटी है, मोदी की गारंटी: भाजपा

# चार में से तीन राज्यों में भाजपा, एक में कांग्रेस

## एमपी में शिवराज सिंह तो राजस्थान में वसुंधरा राजे के नाम पर चर्चा

### फास्ट न्यूज

### तीनों राज्यों में फेल हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल घरेलू मोर्चे पर कड़ी लड़ाई का सामना कर रहे हैं। उनके नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जेल में हैं, तो स्वयं उनके भी जेल जाने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन इसी बीच अरविंद केजरीवाल को तीनों राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाने का काम किया था, लेकिन उसके ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। कई विधानसभा में आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अब राजधानी दिल्ली की जनता भी अरविंद केजरीवाल से छुट्टी चाहती है और केजरीवाल की विदाई तय है।

### जनता के दिल में सिर्फ मोदी: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़) में भाजपा को मतगणना में मिली बढ़त पर खुशी जताई है। शाह ने रविवार को एक्स पर लिखा कि आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बांटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस पर वोट देता है। इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को वह नमन करते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा की इस भव्य विजय पर वह प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हैं। शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर भाजपा को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व कार्यकताओं का अभिनंदन। इस विशाल जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार।

### प्रधानमंत्री 8 दिसंबर को आएंगे उत्तराखंड

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने तीन राज्यों में पार्टी की जीत पर कार्यकताओं को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की जीत और सनातन विरोधियों की हार बताया है।

### मोदी ने कहा

8 मोदी ने अपने संबोधन में महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं देश की 'नारी शक्ति' के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से चार के नतीजे आज जारी कर दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी फिलहाल चार राज्यों में से तीन में विजयी होती हुई नजर आ रही है। भाजपा छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। वहीं, तेलंगाना में पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। इस बीच पीएम मोदी सहित भाजपा के कई नेता नई दिल्ली स्थिति पार्टी मुख्यालय पहुंचे।

**आज की विजय एतिहासिक:** पीएम मोदी इस दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की विजय ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। आज सबका साथ, सबका विकास की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आज ईमानदारी, पारदर्शिता और सुशासन की जीत हुई है।

**देश को जातियों में बांटने की हुई कोशिश: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुई लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन 4 जातियों की बात करता हूं तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन 4 जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाजा के लिए कुछ नहीं किया।

**शक्ति वंदन अधिनियम ने माताओं-बेटियों के मन में जगाया नया विश्वास:** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं देश की 'नारी शक्ति' के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं अक्सर अपनी रैलियों में कहता था कि 'नारी शक्ति' ने तय कर लिया है कि चुनाव में बीजेपी का झंडा बुलंद होगा।

**आदिवासी समाज ने कांग्रेस का किया सफाया:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान आदिवासी समाज को कभी पूछा और यही आदिवासी समाज ने आज कांग्रेस का सफाया कर दिया। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में यही देखने को मिला। उन्होंने आगे कहा कि इन राज्यों की आदिवासी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। आदिवासी समाज आज विकास के लिए आकांक्षी है और उन्हें भरोसा है कि इस आकांक्षों को सिर्फ भाजपा पूरा कर सकती है।




### मध्यप्रदेश में कांग्रेस की '11 गारंटी' फेल, भाजपा की 'योजना' बन गई गेमचेंजर

**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम से साफ है कि भाजपा को विजयश्री दिलाने में शिवराज सरकार की लाड़ली बहना योजना गेमचेंजर बनी। महिलाओं ने इस बार बढ़-चढ़कर मतदान किया था। 2,71,99,586 महिला मतदाताओं में से 76.03 प्रतिशत ने मतदान किया, जो 2018 के मुकाबले दो प्रतिशत अधिक है।

**इस योजना से 1 करोड़ 31 लाख महिलाओं को मिल रहा लाभ:** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में एक करोड़, 31 लाख महिलाएं लाड़ली बहनों को लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर भी दिया जा रहा है। इसे महिला मतदान बढ़ाने में बड़ा कारण माना गया।प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में हमेशा महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है।

**शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता में आते ही शुरू की थी योजना:** मुख्यमंत्री शिवराज



सिंह चौहान ने सत्ता में आने के बाद पहले मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की, जिससे उनकी छवि मामा की बनी। सामूहिक विवाह योजना लागू करके शिवराज सरकार ने गरीब परिवारों को आर्थिक तौर पर संबल दिया। इससे आगे बढ़ते हुए 28 जनवरी, 2023 को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू करने की घोषणा की गई, जिसमें एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाने का वादा किया। मई से राशि बहनों के खातों में आने लगी। रक्षाबंधन के पहले महिलाओं के खातों में राशि जमा की गई।




### गहलोत ने राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र को मुख्यमंत्री पद से अपना त्यागपत्र सौंपा। राज्यपाल मिश्र ने तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनसे राज्य में नई सरकार के गठन होने तक कार्य करते रहने का आग्रह किया है।

### विस चुनाव : प्रधानमंत्री ने तीन राज्यों में जीत पर जनता का जताया आभार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों की मतगणना में निर्णायक बढ़त पर इन राज्यों की जनता विशेषकर महिलाओं और युवाओं का आभार जताया है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जन कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे। वहीं तेलंगाना की जनता को भी उन्होंने भाजपा का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स कर कहा, जनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें भारत को विजयी बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी ने अद्भुत मिसाल पेश की है। भाजपा की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। तेलंगाना की जनता से मिले समर्थन पर एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह समर्थन बढ़ता ही जा रहा है और आने वाले समय में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## जनता को पसंद है डबल इंजन की सरकार : अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। चुनावी राज्यों ने दिखा दिया है कि गारंटी केवल प्रधानमंत्री मोदी की चलती है और जनता को डबल इंजन की सरकार पसंद है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए युवाओं, महिलाओं, किसानों और



गरीबों का हित सर्वोपरि है। ठाकुर ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गई हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकार को जनता ने नकार दिया है। अब जो लोग विदेश यात्रा पर छुट्टी मनाने जाते थे, वह लंबी छुट्टी पर जा सकते हैं। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर जितने कीचड़ उछाले हैं, उतना ही कमल निखर कर सामने आया है। विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने का प्रयास किया। उन्हें गालियां दीं लेकिन जनता ने प्रधानमंत्री के विकास मॉडल को स्वीकार किया। विपक्ष जाति पर राजनीति करना चाह रही थी लेकिन जनता ने उसे नकार दिया।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश स्वीकार्य: गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने आज कहा कि तीन राज्यों में हुई कांग्रेस की हार को वह स्वीकार करते हैं। राहुल ने रविवार को एक्स पर लिखा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। राहुल ने कहा कि तेलंगाना के लोगों को बहुत धन्यवाद। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि ठीक 20 साल पहले भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

## कांग्रेस की बुरी हार पर जदयू ने झाड़ा पल्ला

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

चार में से तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद अब इंडी गठबंधन के नेताओं का बयान सामने आने लगा है। सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में अगुवा की भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड ने कांग्रेस की हार को इंडी गठबंधन की हार मानने से इनकार कर दिया है। जदयू का कहना है कि कांग्रेस ने राज्य चुनावों में इंडी गठबंधन के सभी घटकों को साथ नहीं लेकर गलती की है।



**कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते पर भाजपा को पराजित नहीं कर सकती:** जेडीयू के वरीय नेता और मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कहा कि यह नतीजे बेहतर भी हो सकते थे। इसको इंडी गठबंधन से मत जोड़िये। इंडी गठबंधन चुनाव में कहीं नहीं था। सिर्फ कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही थी। कांग्रेस पार्टी के गढ़ माने जाते है। पिछले चुनाव में भी इन तीनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी थी। लिहाजा यह भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार है। इसका इंडी गठबंधन से कोई रिश्ता नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले अपने घटक दलों से दूरी बना ली थी। इन राज्यों में किसी और दल के उपस्थिति के पक्ष में नहीं थी। जदयू, राजद और सपा ने भी प्रयास किया कि नॉमिनल नॉमिनेशन इन दलों को मिलना चाहिए। समाजवादी आंदोलन का इन इलाकों में काफी असर रहा है। अखिलेश यादव और ललन सिंह प्रयासरत थे। अब यह तय हो गया है कि कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते पर भाजपा को पराजित नहीं कर सकती है।

## समारोह में आयेंगे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी: मुख्यमंत्री

### हिमुडा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए यशवंत छाजटा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 11 दिसंबर को राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर जिला कांगड़ा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगे। यह बात मुख्यमंत्री ने आज हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा की नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त करने ओक ओवर पहुंचे समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यशवंत छाजटा ने अपने जीवन के 25 वर्ष कांग्रेस पार्टी की सेवा की है, जिसके कारण उन्हें सरकार में नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को भी पद दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ने धर्मशाला नगर निगम के चुनाव में महापौर पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी बेहतर रणनीति बनाकर मैदान में उतरेगी और भाजपा को शिकस्त देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी व सरकार व्यवस्था परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और आने वाले समय में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश में विकास की गति तेज होगी और हिमाचल प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा।

### सीएम की दौड़

### अब राज्य में सीएम चेहरे को लेकर पार्टी में मंथन का दौर चलेगा...

## जनता सीएम के तौर पर वसुंधरा से ज्यादा बालकनाथ को कर रही है पसंद

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान में रिवाज कायम रहा। राज्य में अशोक गहलोत के जादू छूमंतर हो गया। भाजपा ने राजस्थान में किसी को सीएम चेहरा नहीं बनाया है। इसका मतलब यह है कि अब राज्य में सीएम चेहरे को लेकर पार्टी में मंथन का दौर चलेगा। हालांकि, कई एग्जिट पोल ने दावा किया कि राज्य की जनता सीएम के तौर पर वसुंधरा राजे से ज्यादा बाबा बालकनाथ को देखना पसंद कर रहे हैं। अलवर जिले के तिजारा सीट से बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान को



शिकस्त दी है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत की। उन्होंने जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा,"यह सीट हमारी पार्टी के कार्यकताओं और तिजारा के लोगों ने जीती है। उन्होंने मुझे अपनी सेवा करने का सौभाग्य दिया है। सभी निर्णय पीएम मोदी के मार्गदर्शन में लिए गए हैं।"

### शिकस्त दी

8 अलवर जिले के तिजारा सीट से बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान को शिकस्त दी है।

**सब पीएम मोदी के मार्ग दर्शन में चलेगा:** बाबा बालकनाथ इसके बाद जब उनसे सीएम बनने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री, हमारे प्रधानमंत्री सबकुछ पीएम मोदी हैं। सब उनके मार्ग दर्शन में चलेगा। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान बाबा बालकनाथ ने कहा था कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद गुंडों और बदमाशों के खिलाफ बुलडोजर चलेगा। इस बात पर उन्होंने हंसते हुए कहा,"तीन तारीख के बाद कोई नजर नहीं आएगा।"

इन दिग्गज नेताओं ने सीएम पद के लिए भरा हुंकार

राजस्थान विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही भाजपा में अब मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को लेकर कशमकश शुरू हो गई है। भाजपा में मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रमुख दावेदारों में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थक भी उन्हे सीएम बनाना चाहते हैं। हालांकि बिरला ने अपना रूख फिलहाल समर्थकों के बीच भी स्पष्ट नहीं किया है। प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी भी सीएम पद के दावेदार हैं। इनमें दो बार पूर्व में सीएम रही वसुंधरा प्रदेश के नेताओं में सबसे लोकप्रिय है।

### जमानत के हकदार आरोपी को सीमित समय तक ही राहत देना अवैध

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई अदालत यह निष्कर्ष निकालती है कि कोई आरोपी मुकदमे की सुनवाई पूरी होने तक जमानत पाने का हकदार है तो उसे अल्प अवधि के लिए ही राहत देना अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे आदेश स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत आरोपी एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उक्त टिप्पणी की। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने 29 नवंबर को दिए अपने आदेश में कहा कि हकदार होने के बावजूद अल्प अवधि के लिए जमानत देना संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे भाजपा मुख्यालय, कार्यकर्ताओं संग मनाया जीत का जश्न

**आगाज**

**8 -2024 की प्रचंड जीत के लिए जनता ने किया आगाज : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पार्टी की तीन राज्यों में जीत पर रविवार दोपहर बाद बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी पार्टी की जीत पर कार्यकताओं संग जीत का जश्न मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 के सेमीफाइनल के साथ 2024 की जीत का जनता ने आगाज कर दिया है। बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में तीन राज्यों में पार्टी की जीत पर कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरकते रहे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते रहे। मुख्यमंत्री धामी के आगमन पर कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं संग जीत का जश्न मनाया। जीत से उत्साहित कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री धामी को कंधे पर बैठाकर जश्न मनाया। मुख्यमंत्री भी सहज भाव से कार्यकताओं के साथ जीत के रंग में रंगे दिखे।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नेतृत्व और जिन राज्यों में भाजपा निर्वाचित हुई है वहां के भाजपा कार्यकताओं और प्रदेश नेतृत्व के साथ जनता और पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि 2024 से पहले जनता ने आज परिणाम से अपने मन की बात बता दी है। उन्होंने कहा कि आज तीन राज्यों की जीत यह साबित कर दिया है कि 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत दर्ज करेगी।
उन्होंने कहा कि देश के अंदर 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनने वाली है, जिस प्रकार से मध्य प्रदेश के अंदर दोबारा सरकार बनी है, यह सुशासन की जीत है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जिस प्रकार से विदाई हुई है, वहां पर जनता ने परिवारवाद, सनातन का अपमान और तुष्टीकरण के विरोध में मत दिया है। तेलंगाना में भी भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीन राज्यों की जीत आगामी 2024 लोकसभा जीत का संदेश है। प्रधानमंत्री मोदी पर जनता का विश्वास है। यह प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई प्रभाव का परिणाम है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।
इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंशल, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, राजपुर विधायक खजान दास, रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, शम्स,भाजपा कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व दिव्यांग दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता और बचाव के लिए कार्यशाला हुई। इसका मुख्य प्रयोजन मानसिक विकलांगता के लिए लोगों में संवेदनशीलता जगाना है। कार्यशाला में फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी के संस्थापक, अध्यक्ष और मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि आमतौर पर विकलांगता का पर्याय हम शारीरिक कमी से लगाते हैं। असल में मानसिक रूप से कमजोर होना भी एक तरह की विकलांगता है, जिससे ग्रसित व्यक्ति को सामान्य जीवन जीने में कठिनाई होती है और उसका सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन भी बहुत अस्त व्यस्त हो जाता है।
उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं और समय समय पर चिकित्सकों के पास जा कर नियमित शारीरिक जांच करवाते रहते हैं, उसी प्रकार अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और बेहतर बनाए रखने के लिए किसी मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर की मदद के लिए पहल करनी चाहिए। शुरूआती परेशानी के समय प्रभावी समाधान लेकर स्थायी मानसिक विकलांगता से बचा जा सकता है, जो कि मानसिक रुग्णता और विक्षिप्तता का रूप ले लेती है। असल में हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि हम मानसिक रूप से जितना अधिक स्वस्थ होंगे हमारे शरीर उतना अधिक स्वस्थ दशा में रहेंगे और उनमें रोगों और संक्रमणों से प्रतिरोध करने की अधिक क्षमता होगी। आज जिस तरह से हम जल्दी और आसानी से किसी संक्रमण का शिकार हो जाते हैं, ये हमारी कमजोर मानसिक दशा का ही कारण है। हमारा शरीर केवल स्वस्थ रहना जनता है। इस कार्यशाला में डॉ. पवन शर्मा ने प्रतिभागियों को मानसिक व्यायाम करने के तरीके बताए और सिखाये।
उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी के कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श और थेरपी की सेवाएं प्राप्त कर सकता है। इस कार्यशाला में भूमिका भट्ट शर्मा, सुनिष्ठा सिंह, राहुल भाटिया, एडवोकेट कुलदीप भारद्वाज ने भी अपना सहयोग दिया।

**न्यूज फ्लैश**

## मोदी सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि अब जल्द ही भारत वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा: शाह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस परेड समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर शाह ने स्पष्ट किया कि, ह्यमोदी सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि अब जल्द ही भारत वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा।ह्नपूरा देश जानता है कि दशकों से भारत के विकास में वामपंथी उग्रवाद एक बाधा बन कर खड़ा रहा है, लेकिन आजाद भारत के किसी भी सरकार ने इस समस्या का समाधान नहीं निकाला। वामपंथी उग्रवाद का दंश झेल रहा क्षेत्र और भी पिछड़ता चला गया। साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वामपंथी उग्रवाद से निपटने की दिशा में जोर-शोर से प्रयास किया जाने लगा। साल 2019 में जब अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री का पदभार संभाला, उसके बाद मोदी-शाह की जोड़ी ने वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की सटीक रणनीतियों से साल 2022 और 2023 में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएँ प्राप्त हुई हैं। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के नए शिविर की स्थापना और उनकी तैनाती शाह की योजनाओं की प्राथमिकता है। 199 नए कैंपों की स्थापना और गश्त बढ़ने से वामपंथी उग्रवादियों की सभी प्रकार के संसाधनों में कमी आई है। पिछले 9 सालों में मोदी सरकार के प्रयासों की वजह से हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी और मृत्यु की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। प्रभावित जिले 96 से घटकर 45 रह गए हैं और पुलिस स्टेशन 495 से घटकर 176 रह गए हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में इतिहास में पहली बार इन जंगलों से घिरे गाँवों में मतदान केंद्र बने और लोगों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दुर्गम इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुए, जो क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में शाह के अकूत प्रयासों को दशार्ता है। दशकों से नक्सलवाद और लाल आतंक का गढ़ रहे झारखंड का बूढ़ा पहाड़ और खरबंदा जैसे दुर्गम क्षेत्र अब नक्सलियों के कब्जे से पूरी तरह मुक्त हो चुका है। जिस बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलवादी जन अदालत लगाकर क्षेत्र के निवासियों पर अपना फरमान जारी करते थे, उस बूढ़ा पहाड़ पर अब स्कूल खुल चुका है। सिमटते हुए वामपंथी उग्रवाद पर अंतिम प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तीनों तैयार है। आज अमृतकाल में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम कगार पर है। ऐसे में, वामपंथी उग्रवाद से देश को मुक्त कराने के लिए कटिबद्ध मोदी-शाह की जोड़ी का यह दावा सच साबित होने वाला है कि अब वह दिन दूर नहीं जब पूरा देश वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो जाएगा।

## अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर, 44 दुकानें ध्वस्त

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में रामपुर रोड स्थित फॉरेस्ट की जमीन पर बनी 44 दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया है। आज सुबह से ही प्रशासन का बुलडोजर 44 दुकानों पर एक तरफ से गरजना शुरू हुआ तो अतिक्रमणकारियों की एक ना चली। पीला पंजा धड़ाधड़ चलता गया और अतिक्रमण ध्वस्त होता रहा। सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के मुताबिक वन विभाग की जमीन पर 44 दुकानें थी, जिनकी लीज समाप्त हो गई थी। वन विभाग ने इन दुकानों को हटाने के लिए पहले भी नोटिस जारी किया था, लेकिन दुकान स्वामी इस मामले को लेकर नैनीताल हाई कोर्ट चले गए थे। नैनीताल हाईकोर्ट ने दुकान स्वामियों को 4 महीने का समय दिया था। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 30 नवंबर को दुकान स्वामियों को मिली समय अवधि समाप्त हो गई थी। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, हालांकि प्रशासन का बुलडोजर चलने से पहले कुछ दुकान स्वामियों ने दुकानों को खुद ही खाली करना शुरू कर दिया था।

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से ब्लेड कटर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों का चालान कर दिया है।नगर कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान ओमपुल घाट से चोरी की योजना बनामा हुए दो युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर दोनों के पास से दो ब्लेड कटर बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम रोहित पुत्र मारी स्वामी, अजय मृत्तू पुत्र राकेश मृत्तू निवासीगण पूवीर्नाथ नगर के सामने आर्यनगर जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# पॉड टैक्सी बैठक को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय व्यापार मण्डल की बैठक ज्वालापुर रेलवे फटाक जिला कार्यालय पर आहूत की गई। इसमें पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन और पॉड टैक्सी के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि प्रशासन मात्र कुछ लोगों के कहने पर पॉड टैक्सी रूट का काम कर रहे हैं। पॉड टैक्सी रूट पूरा बदला जाना चाहिए। पूरा रूट गंगा किनारे होना चाहिए।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर मामले की जानकारी दी जाएगी और पूरा रूट बदलने की मांग की जाएगी।
बैठक में शहर अध्यक्ष हरविंदर सिंह ने व्यापारी नेता जेके जिन्दल को शहर उपाध्यक्ष ज्वालापुर घोषित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि पॉड टैक्सी रूट को लेकर जिस प्रकार बैठक बुलाई गई और केवल मात्र अपनी हां में हां मिलाने वालों को बुलाया गया था वह जिला प्रशासन व पॉड टैक्सी अधिकारियों की मनसा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यापारी वर्ग की बातों को ध्यान में रखकर कमेटी बनाई थी और सभी का ध्यान रखने की बात कही थी, लेकिन कुछ अधिकारी व कुछ निजी स्वार्थ रखने वाले लोगों को बुलाकर कुछ एरिया मात्र में रूट बदलने की बात कर रहे हैं। पॉड टैक्सी रूट पूरा गंगा किनारे किनारे ले जाया जाना चाहिए। ज्वालापुर से लेकर हरिद्वार तक सभी व्यापारियों के हित सुरक्षित रहने चाहिए और सभी को एक नजर से देखा जाना चाहिए। किसी भी व्यापारी का अहित बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रिय व जिला अध्यक्ष विनीत धीमान ने कहा की व्यापारी सभी बराबर है और सभी के साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिये। रूट पूरा बदला जाना चाहिये। हरिद्वार का व्यापारी पहले से ही मंदी और कोरोना से पीड़ित रहा है, ऐसे में पॉड टैक्सी से उसके हित और प्रभावित होगे इस लिए पॉड टैक्सी का रूट बदला ही जाना चाहिए। बैठक में शहर अध्यक्ष हरविंदर सिंह, कुलदीप खंडेलवाल, राजेश अरोरा, अजय अरोरा आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के कामों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर जिला अस्पताल बौराड़ी में स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांग जनों को अधिकार व योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर दिव्यांग जनों को कान की मशीनें भी उपलब्ध कराई गई।
दिव्यांग दिवस पर राड्स संस्थान के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने वर्चुअल माध्यम से दिव्यांग जनों को से कहा कि उनका संस्थान लगातार दिव्यांगों के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी संस्थान वर्ष 2002 से कार्य कर रही है और अब तक टिहरी जिले में हमारे माध्यम से नौ हजार दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के साथ ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने से लेकर दिव्यांग जनों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।
समाज कल्याण विभाग के प्रभात उनियाल ने समाज कल्याण विभाग की चलाई गई योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे डीडीआरसी के जगदीश बडोनी ने कहा कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दिव्यांग जनों को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उत्तराखंड भाजपा कार्यकताओं में खुशी, कांग्रेस में सन्नाटा,

**देहरादून**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तीन राज्यों में जीत की बढ़त पर जहां देहरादून सहित राज्य में जश्न का माहौल है वहीं कांग्रेस मुख्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। कुछ देर में मुख्यमंत्री धामी सहित प्रदेश अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय पहुंचने वाले हैं।
चार राज्यों के चुनाव परिणाम में तीन राज्यों तीन राज्यों राजस्थान,मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में आ रहे प्रचंड जीत के रुझानों से कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

# दिव्यांगजन दिवस पर ज्योति स्पेशल ने आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल प्रतियोगिता



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित ज्योति स्पेशल स्कूल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
रविवार को आयोजित ज्योति स्पेशल स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में भरत मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य केएल दीक्षित,पूर्व प्रधानाचार्य आईडी जोशी, कांग्रेस नेता मदन मोहन शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।
इस अवसर पर केएल दीक्षित ने कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेला जाना चाहिए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है और वह प्रतिदिन खेल खेलने से अपनी प्रतिभा को भी निखारते हैं।
खेल प्रतियोगिता के दौरान स्पेशल बच्चों ने रस्सा कसी, कुर्सी पकड़, कबड्डी खो-खो पकड़म पकड़ाई आदि विभिन्न खेलों का सुंदर प्रदर्शन भी किया। ज्योति स्पेशल स्कूल की प्रधानाचार्य अंबिका धस्माना और श्वेता सिंह, के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अशोक रस्तोगी, जितेंद्र अग्रवाल, उषा रावत, विमला रावत ,अशोक आर्य, बंशीधर पोखरियाल, चेतन शर्मा, भरत मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह रावत के अतिरिक्त विद्यालय की सावित्री क्षेत्री, अनिल भट्ट ,विजय गोयल, शशि राणा ,योगेश, ,कुलदीप सिंह बिष्ट ,नीतू शर्मा, विजयलक्ष्मी, आदि भी उपस्थित थे।

# मोहम्मद शमी पहुंचे हरिद्वार, प्रशंसकों की उमड़ी भीड़



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी खानपुर विधायक उमेश कुमार के बुलावे पर रुड़की पहुंचे हैं। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ उन्हें देखने को नेहरू स्टेडियम में उमड़ी। मोहम्मद शमी ने क्रिकेट कोच और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।
खानपुर विधायक उमेश कुमार के निमंत्रण पर मोहम्मद शमी रुड़की पहुंचे। इस दौरान उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पर उन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। उमेश कुमार के कैंप कार्यालय से शमी नेहरू स्टेडियम पहुंचे, जहां शमी की एक झलक पाने के लिए उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ सुबह से ही जमा थी। शमी के नेहरू स्टेडियम में आते ही लोगों ने उनके और खानपुर विधायक के जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान खानपुर विधायक ने मोहम्मद शमी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद शमी ने क्रिकेट कोच और खिलाड़ियों का सम्मान किया। रुड़की में कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद शमी हरिद्वार पहुंचे, जहां ऋषिकुल मैदान में उनका स्वागत किया गया।
इसके बाद मोहम्मद शमी हरिद्वार स्थित ऋषिकुल मैदान पहुंचे। वहां पर बड़ी संख्या में उनके चाहने वालों, खिलाड़ियों व स्थानीय लोग उनकी एक झलक पाने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए। लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के बाद मोहम्मद शमी ने खिलाड़ियों को क्रिकेट के टिप्स दिए। इसके बाद मोहम्मद शमी वापस रवाना हो गए।

# कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए केन्द्र सरकार : तोगड़िया




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल का एक दिवसीय राष्ट्रीय बैठक और दो दिवसीय कार्यकर्ता महासम्मेलन हुआ। इस दौरान प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि देश में करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र राम, कृष्ण, शंकर की धरा में राम अपने आवास में विराजमान हो गए हैं। अब तैयारी मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि, काशी में भगवान काशी विश्वनाथ को मुक्त कराने की है। उन्होंने मथुरा की सम्पूर्ण जन्मभूमि का स्थान और काशी में नन्दी महाराज, विश्वनाथ जी के बीच की दीवार हटाकर भव्य मन्दिर निर्माण नियमित माता श्रृंगार गौरी की पूजा के लिए आगामी संघर्ष के लिए हिन्दू समाज को तैयार रहने आह्वान किया।
तोगड़िया ने देश में बढ़ती जनसंख्या के असंतुलन से आने वाले खतरे और इसके दुष्परिणामों के बारे में चर्चा कर कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की। उन्होंने दो से ज्यादा बच्चे होने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास, समस्त सरकारी सुविधाओं पर रोक के साथ वोट देने के अधिकार को छीनने का प्रावधान रखने के लिए कहा।
उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में पूरे भारत में 1 लाख हनुमान चालीसा केन्द्र, 1 करोड़ घरों में एक मुठ्ठी अनाज इकठ्ठा करना, 1 लाख मुफ्त मेडिकल कैम्प में 1 करोड़ हिन्दुओं का मुफ्त बीपी, शुगर, हीमाग्लोबीन, मोटापा चेकअप, लाखों युवतियों व महिलाओं का सुरक्षा प्रशिक्षण, बच्चों का कला, संस्कृति, क्रीड़ा, विज्ञान, स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन, प्रत्येक दिन एक रोगी को मुफ्त देखने वाले 30 हजार डॉक्टरों को जोड़ना, बच्चों व युवाओं को खेल के आयोजन कराकर नेशनल स्पोर्ट्स काउंसलिंग में जोड़ना और ऊँ श्री परिवार के साथ प्रत्येक हिन्दू परिवार को धर्म से जोड़ने का कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।
इस दौरान सावित्री चन्द केन्द्रीय उपाध्यक्ष, केन्द्रीय सह संगठन महामंत्री ईश्वरी प्रसाद, देवेश उपाध्याय केन्द्रीय महामंत्री, माला रावल मनोज साहू, चन्द्र सिंह जैन, प्रदीप गौड़ केन्द्रीय मंत्री, विजय रेड्डी केन्द्रीय कोषाध्यक्ष, मनोज सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, रामजी तिवारी महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, मुक्ता मकानी अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद, रजनी ठुकराल अध्यक्ष ओजस्वनी, हेमन्त त्रिवेदी महामंत्री हिन्दू हेल्पलाइन सहित उत्तराखण्ड प्रान्त पदाधिकारी कृष्णा काण्पाल, सुरेन्द्र नौटियाल, विरेन्द्र अधिकारी, अनिल भारद्वाज, अशोक गुप्ता, सुभाष जोशी, विजेन्द्र सिंह नेगी, कृपाल नेगी, रोशन रावत उपस्थित रहे।

# गुजरात विधानसभा अध्यक्ष के पिता की अस्थियां हरिद्वार में गंगा में विसर्जित



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी के पिता की अस्थियां आज हरकी पैड़ी ब्रह्मकुण्ड में वैदिक विधि विधान के अनुसार गंगा में प्रवाहित की गईं।
विगत दिनों गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी के पिता राम कुमार चौधरी 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। रविवार को उनकी अस्थियां लेकर उनके पुत्र शंकर चौधरी हरिद्वार की हरकी पैड़ी पहुंचे।
यहां हरकी पैड़ी के ब्रह्मकुंड में अस्थि विसर्जन कर्म को उनके तीर्थ पुरोहित गोविंदराम बैजनाथ, कृष्ण कुमार मिश्रा पीपली वाले के पौत्र विवेक मिश्रा और गौरव मिश्रा ने कराया। उनके साथ उनकी माता और भाई सहित परिवारजन उपस्थित रहे। श्री गंगा सभा के गंगा सेवक दल सचिव उज्ज्वल पंडित और समाज कल्याण सचिव अवधेश कौशिक ने गंगाजलि भेंटकर शंकर चौधरी का सम्मान किया।

# मोदी पर जनता का भरोसा कायम हैः धामी

**मोदी फैक्टर**

**8 -मुख्यमंत्री धामी ने जहां की जनसभा, वहां खिला कमल, 100 फीसद रहा धामी का स्ट्राइक रेट**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से तीन बड़े राज्यों में भाजपा को मिली जीत में ह्यमोदी फैक्टरह्न प्रमुख कारण रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राजस्थान और मध्यप्रदेश में 9 विधानसभाओं में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनमें सभी पर भाजपा उम्मीदवारों को जीत हासिल हुई।
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जलवा अब दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने राजस्थान और मध्यप्रदेश की कुल 9 विधानसभा सीटों पर धुआंधार प्रचार किया था, जिनमें से सभी सीटों पर भाजपा ने जीत (फिलहाल निर्णायक बढ़त) हासिल की है। वह एक दिन में तीन-तीन जनसभाओं को संबोधित करते थे। उनके कई रोड शो भी हुए। जीत के लिहाज से धामी का स्ट्राइक रेट 100 फीसद रहा।
मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में सबसे युवा मुख्यमंत्रियों में से एक हैं। अपने जनहित से जुड़े कार्यों और धाकड़ फैसलों की वजह से मातृशक्ति और युवाओं के बीच उनकी खासी लोकप्रियता है। यही वजह है कि उत्तराखंड से बाहर अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में भी उनकी काफी डिमांड रहती है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा हाईकमान ने कई विधानसभा क्षेत्रों में धामी की जनसभाएं और रोड शो करवाए। उनके हर कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भीड़ जुटी।
राजस्थान में उन्होंने 6 विधानसभा क्षेत्रों सांगानेर, झोटवाड़ा, विराटनगर, सांगोद, रामगंज मंडी और डग विधानसभा सीटों पर धुआंधार प्रचार किया था। जनसभाओं के अलावा उन्होंने समाज के किसान और व्यापारी वर्ग से सीधा संवाद भी कायम किया था। उनके रोड शो भी सफल रहे। इन छह विधानसभाओं में भाजपा को शानदार जीत हासिल हुई है। इस जीत में धामी की मौजूदगी भी एक बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। सांगानेर से भजना लाल शर्मा, झोटवाड़ा सीट से राज्यवर्धन राठौर, विराटनगर से कुलदीप, सांगोद से हीरालाल नागर, रामगंज मंडी से मदन दिलावर और डग से कालूराम को विजय प्राप्त हुई।
मध्य प्रदेश में भी धामी ने तीन विधानसभा सीटों के कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में भी उन्होंने प्रतिभाग किया। उन्हें ऐसी विधानसभा सीटों पर प्रचार में उतारा गया जहां उत्तराखंड मूल के लोगों की संख्या अधिक है। मध्य प्रदेश में जिन तीन विधानसभा सीटों पर धामी ने चुनाव प्रचार किया उनमें इंदौर-2, खुरई और सागर विधानसभा सीटें शामिल हैं। इनमें क्रमशः भाजपा प्रत्याशी रमेश मेंदोला, भूपेन्द्र सिंह और शैलेन्द्र कुमार जैन को जीत मिली।
दरअसल, धामी ने बतौर मुख्यमंत्री अभी तक के अपने लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में जनहित में कई साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।
जिनमें नकल विरोधी कानून, सख्त धर्मांतरण कानून लागू करना शामिल हैं। इसके अलावा जमीन जेहाद के खिलाफ चलाया गया उनका बुल्डोजर पूरे देश में चर्चा का विषय है। इतना ही नहीं समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर उनके द्वारा प्रदेश में की गई ठोस पहल को भी समूचे देश में सराहना मिली है।

# पोखरी के मिनी खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

**शुभारंभ**

**8 इसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत एवं जेष्ठ प्रमुख पूरण सिंह ने किया।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी मिनी स्टेडियम में युवा कल्याण के तत्वावधान में रविवार को पांच न्याय पंचायतों का ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज हुआ। इन पांच न्याय पंचायतों में पोखरी, किमोठा, गिरसा, बमोथ, थालाबैंड शामिल है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत एवं जेष्ठ प्रमुख पूरण सिंह ने किया। युवा कल्याण अधिकारी दीपक बिष्ट ने



मुख्य अतिथि को फूल मालाओं और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने खेल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा क्षेत्रीय युवा कल्याण के सहयोग से न्याय पंचायत स्तर के ब्लाक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इन खेलों से ही अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है खेलों के प्रतिभाग करना चाहिए।

## आईआईटी स्नातक विद्वान अधिकारियों का दल पहुंचा पतंजलि योगपीठ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
1983 बैच के आईआईटी रुड़की से स्नातक हुए 81 विद्वान अधिकारियों का दल पतंजलि योगपीठ पहुंचा।
उन्होंने पतंजलि हर्बल गार्डन सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों का भ्रमण किया और पतंजलि योगपीठ स्थित सभागार में आचार्य बालकृष्ण के साथ विविध विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि में सभी मूर्धन्य विद्वानों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षण कार्य के अतिरिक्त पतंजलि के विविध क्षेत्रों में संचालित सेवा कार्यों में आप सब सहभागी बनें।

# कौतिक अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शार्ट फिल्म, लघु कथा का प्रदर्शन

**फिल्म फेस्टिवल**

**8 परमार्थ निकेतन आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण और मानवता को समर्पित मंच : कोश्यारी**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
परमार्थ निकेतन में कौतिक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन उत्तराखंड की फिल्मों, संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहां की दिव्यता, भव्यता, प्राकृतिक सौन्दर्य से युक्त अनछुए स्थानों के दर्शन वैश्विक स्तर पर करवाने के लिये किया गया है।
रविवार को फेस्टिवल के दूसरे दिन पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत



सिंह कोश्यारी और परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती का सान्निध्य और मार्गदर्शन मिला।
पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी ने कौतिक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आयोजन के लिए स्वामी आयोजक शालिनी, राजेश शाह और सभी प्रतिभागियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि यह जो संसार है, वह विविधता से युक्त है। इस विविधता में जो एकता दिखाते हैं, वह स्वामी चिदानन्द सरस्वती का अध्यात्म है या फिर सिनेमा है, दोनों अपने-अपने ढंग से एकत्व दिखाते हैं।
परमार्थ निकेतन का जैसा नाम है, वैसा ही इसका काम है। परमार्थ निकेतन में अनेक विधाओं और विचारों के लोग आते हैं और यहां से शान्ति लेकर जाते हैं और जीवन में कुछ न कुछ हासिल करते हैं। जो यहां पर एक बार आता है वह बार-बार यहां आने की कोशिश करता है चाहे वह भारत के हों या विदेश के हों।
भारत की यह विशेषता है कि यहां पर लोग परिवार की सुख-सुविधाओं को त्याग कर के सम्पूर्ण जीवन भगवान को समर्पित करते हैं। उनकी तपस्या के आगे बड़े-बड़े राजा, नेता, राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री सब उन सन्यासियों के चरणों में आते हैं।
परमार्थ निकेतन वह भूमि है जहां पर सिनेमा व ईश्वरत्व का संगम होता है। आज पूरे विश्व को यदि किसी चीज की आवश्यकता है तो वह है आध्यात्मिकता। अध्यात्म यह नहीं है कि हम आंख व कान बंद कर बैठे रहें बल्कि जैसे हमारे पूज्य स्वामी जी चाहे कोई बाहर का हो, देश का हो, विदेश का हो या किसी भी विचारधारा का हो वे सभी में परमात्मा के दर्शन करते हैं और सभी का स्वागत करते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि जो गंगा जी के किनारे आ गया, जो परमार्थ निकेतन आ गया वह गंगा जी का हो गया। चाहे किसी भी विचारधारा के लोग हों, स्वामी जी मानते हैं कि जो गंगा जी के तट पर आ गया वह गंगा जी सा पवित्र हो गया। उन्होंने कहा कि चाहे बालीवुड हो या हॉलीवुड हो, यह परमार्थ निकेतन आश्रम जो है वह वास्तव में वुड है क्योंकि यह मां गंगा के पावन तट पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### गीतांजलि सैलून ने देहरादून में अपना नया सैलून लांच किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के अग्रणी हाई-स्ट्रीट ब्रांड, गीतांजलि सैलून ने उत्कृष्ट इंटीरियर के साथ राजपुर रोड देहरादून में अपना नया सैलून लांच किया है। गीतांजलि सैलून के पूरे भारत में 160 सैलून की श्रृंखला है। यह आपके बालों और सौंदर्य संबंधी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगा। गीतांजलि सैलून के प्रबंध निदेशक और सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट, सुमित इसरानी को विविध ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर परिष्कृत प्रतिष्ठानों के साथ ब्रांड के प्रति उनकी दृढ़ता के लिए प्रशंसा की जाती है और सेलिब्रिटी द्वारा पसंद किया जाता है।
गीतरंजलि सैलून के प्रबंध निदेशक सुमित इसरानी ने कहा कि गीतांजलि सैलून पेशेवर हेयर केयर और सौंदर्य क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। पिछले तीन दशक से हम असाधारण सेवाएं प्रदान करने वाले भारत के सर्वश्रेष्ठ हाई स्ट्रीट सैलून के रूप में अपनी पहचान बनाना जारी रखे हुए हैं। हम अपने ग्राहकों के लिए अनुकूलन और वैयक्तिकरण में विश्वास करते हैं, और उन्हें सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएँ और उत्पाद प्रदान करते हैं। गीतांजलि सैलून ने हाल ही में लोरियल प्रोफेशनल द्वारा इंडियन हेयरड्रेसिंग अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ हेयर कलर की ट्रॉफी जीती है। उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ सैलून चेन, सर्वश्रेष्ठ सैलून इंटीरियर डिजाइन और हेयर कलर के रूप में मान्यता प्राप्त है।
बाल, स्किन, बॉडी स्पा, हाथ और पैर, नाखून सेवाओं और मेकअप सेवाओं के लिए विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से गीतांजलि 1989 से उद्योग में अग्रणी रही है। उद्योग में 3 दशकों से अधिक समय के साथ गीतांजलि आज भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सबसे स्थायी सैलून चेन है जिसके 4000 से अधिक रचनात्मक कलाकारों और पेशेवरों के साथ 40 शहरों में 160 से अधिक आउटलेट हैं।
सुमित इसरानी द्वारा आयोजित इस उद्घाटन समारोह में देहरादून के विभिन्न उद्योगों के प्रभावशाली लोग, उद्यमी और सामाजिक लोग शामिल हुए।

### नैनीताल का पेयजल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा, मिला आईएसओ 9001 प्रमाण पत्र

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
पर्यटक नगरी नैनीताल आईएसओ 9001 यानी अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन से प्रमाणित पानी पिलाने वाला उत्तराखंड का पहला शहर बन गया है। आईएसओ 9001 द्वारा नैनीताल जल संस्थान को सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। इस प्रकार कह सकते हैं कि नैनीतालवासी और यहां आने वाले सैलानी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा इतना शुद्ध पानी पी रहे हैं कि राज्य के अन्य नगरों के वासी इस पर रश्क यानी ईर्ष्या कर सकते हैं और सैलानी इस एक नये कारण से भी नैनीताल आने की योजना बना सकते हैं।
उत्तराखंड जल संस्थान के अधिशासी अभियंता विपिन चौहान ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ने नैनीताल जल संस्थान के द्वारा नैनीताल नगर में की जा रही पेयजल की आपूर्ति का ऑडिट किया गया था, जिसमें नैनीताल नगरीय क्षेत्र का पेयजल पूरी तरह से आईएसओ 9001 के मानकों के अनुरूप पाया गया। इसके बाद नैनीताल जल संस्थान को आईएसओ 9001 प्रमाण पत्र जारी किया गया है। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला नैनीताल उत्तराखंड का पहला जल संस्थान नैनीताल है।
बताया गया है कि आईएसओ यानी अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन 160 से अधिक देशों के राष्ट्रीय मानक निकायों से बनी एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी है, जो ग्राहकों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करके ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि करता है। इसे पहली बार 1987 में द्वारा प्रकाशित किया गया था। आईएसओ 9001 का वर्तमान संस्करण सितंबर 2015 में जारी किया गया था जो गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। इसके मानकों को पूरा करने की प्रक्रिया के लिए जल संस्थान द्वारा मार्च 2023 में पंजीकरण कराया था।
बताया गया है कि नैनीताल जल संस्थान नगर में पेयजल आपूर्ति के लिये नैनी झील से सीधे पानी लेने की जगह झील से दूर डीएसए मैदान की ओर अंग्रेजी दौर से बनाये गये कुंओं व हालिया वर्षों में स्थापित नलकूपों से ह्यरीवर बेड पेनीट्रेशनह्न की प्रविधि से पानी लेता है।

# नैनीताल नगर पालिका अध्यक्ष के दावे पर भाजपा का पलटवार, कहा-पहली बार अधिकार सीज

**गुमराह**

**8 पालिकाध्यक्ष खुद को जांच में क्लीन चिट मिलने का झूठा दावा कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल नगर पालिका के अध्यक्ष सचिन नेगी ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन दावा किया कि उच्च न्यायालय से उन्हें उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर क्लीन चिट दे दी है। यानी उन्हें आरोपों से मुक्त कर दिया है। इस पर उन्होंने खुशी जतायी और कहा कि आगे नैनीताल नगर पालिका अध्यक्ष पद अनारक्षित होने पर वह पुनः जनता के बीच होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपने चुनाव पूर्व किये 90 फीसद वादे पूरे किये हैं। वह संविदा कर्मियों को नियमित करना चाहते थे। किसी कारण नहीं कर पाये। वह अगले कार्यकाल में यह वादा भी निभायेंगे।
आज उनके इस बयान पर भाजपा की ओर से प्रतिक्रिया आयी है। भाजपा ने नैनीताल नगरपालिका अध्यक्ष के पांच साल के कार्यकाल को घोटालों, अनियमितता से भरा बताते हुए कांग्रेस को घेरा है। सचिन नेगी के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी रहे अरविंद पडियार ने आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में करीबी लोगों को फायदा पहुंचाने के अलावा शहर हित में कोई काम नहीं किया। पालिकाध्यक्ष ने चुनाव के दौरान आवारा कुत्तों, बंदर-लंगूरों के आतंक से जनता को निजात दिलाने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने इस मामले में कुछ नहीं किया। निर्माण कार्यों में घोटालों के साथ ही नंदा देवी महोत्सव में अनियमितता की पुष्टि हो चुकी है। हाई कोर्ट के आदेश पर शासन की जांच में यह साबित हो चुका है, लेकिन पालिकाध्यक्ष खुद को जांच में क्लीन चिट मिलने का झूठा दावा कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।
अरविंद ने कहा कि नैनीताल के इतिहास में पहली बार घोटालों की वजह से पालिकाध्यक्ष की वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों को हाई कोर्ट ने सीज किया। पालिकाध्यक्ष को अपने कार्यकाल में अनियमितता के लिए लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस को उसकी करतूतों की सजा देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल का काला चिट्ठा घर-घर तक ले जाएगी।

## बैंक में लोगों को निशाना बनाकर ठगी करने वाला दिल्ली से दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बैंकों में आने वाले कम पढ़े-लिखे लोगों को अपना निशाना बनाकर ठगी करने के आरोपित को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस ठग के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।
आरोपित ने रुड़की क्षेत्र बैंक में बैंक के एक ग्राहक से 50 हजार की ठगी की थी। ठगों की गिरफ्तार के लिए पुलिस टीम ने घटना स्थल से सीसीटीवी कैमरे चेक कर सर्विलांस की मदद से घटना के मुख्य आरोपित सुशील कुमार पुत्र रामवृक्ष निवासी विनोद पुरी एनक्लेव, नई दिल्ली को दिल्ली से दबोचा लिया। पुलिस आरोपित के साथियों की तलाश में जुटी है।

# विधायक शक्ति लाल ने नेगी को किया सम्मानित

**सम्मान**

**8 पवन नेगी की सेवाओं का आने वाली समय में प्रदेश व विधानसभा के लोगों को लाभ मिलेगा।**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक शक्ति लाल शाह ने अपनी विधानसभा क्षेत्र घनसाली के इंद्रोला गांव निवासी पवन नेगी पुत्र शिव सिंह नेगी को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आईईएस) परीक्षा में 50 वी रैंक प्राप्त करने पर उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया।
रविवार घनसाली विधायक शक्ति



लाल शाह पवन नेगी के घर पर पहुंचे।
जहां पर उन्होंने आईईएस परीक्षा में 50 रैंक हासिल करने पर पवन नेगी व उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उन्होंने विधानसभा घनसाली का ही नहीं बल्कि उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन किया है। पवन नेगी की सेवाओं का आने वाली समय में प्रदेश व विधानसभा के लोगों को लाभ मिलेगा। उम्मीद है कि पवन अपने क्षेत्र सहित देश-प्रदेश हित में बेहतर काम करेंगे।

# व्यापारी गोलीकांड का पुलिस ने किया खुलासा, सहित तीन पकड़े

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दुकान में बैठक व्यापारी पर 26 नवम्बर को फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले आरोपित समेत तीन को पुलिस ने हिरासत में लिया है। व्यापारी पर फायरिंग करने वाला बाल अपचारी निकला। आरोपित पूर्व में भी फायरिंग मामले में पकड़ा जा चुका है।
रुड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी चंदन अरोड़ा पुत्र देवकीनंदन अरोड़ा निवासी रामनगर रुड़की ने एक नामजद व 02 अन्यों के विरुद्ध जान से मारने की नियत से फायर करने के संबंध में तहरीर देकर कोतवाली गंगनहर में मुकदमा दर्ज कराया था।



घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने खुलासे के निर्देश दिए थे।
गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया और मुखबिर की सूचना पर घटना के मुख्य आरोपित बाल अपचारी हिरासत में लिया और अन्य 02 अभियुक्तों को क्वांटम यूनिवर्सिटी भगवानपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।
पकड़े गए अन्य 02 आरोपितों हर्ष चौधरी (19) पुत्र सतीश कुमार निवासी मकान नंबर 170 डॉट वाली गली गणेशपुर चौक रुड़की कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार व मृत्युंजय चौधरी (20) पुत्र आदेश कुमार निवासी चंद्रपुर कायस्थ थाना देवबंद जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश का गोलीकांड की घटना से कोई संबंध नहीं मिला।
पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन तमंचे, एक खोखा, तीन जिंदा कारतूस बरामद होने के कारण उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# पुलिस अधीक्षक के आश्वासन पर अंजलि के परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
पिछले तीन दिनों से अंजलि (अमृता) के परिजन हंगामा काटा रहे थे। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर संगमचट्टी क्षेत्र के कफलौं के नजदीक स्थित रिजॉर्ट बेसिक होम स्टे में संदिग्ध परिस्थितियों में अंजलि का फंदे से लटकी मिली। रविवार को पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी ने आश्वासन देने के बाद परिजनों ने युवती का अंतिम संस्कार कर दिया।
पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने जिला अस्पताल में भरोसा दिया कि अंजलि ने आत्महत्या की या हत्या इसका खुलासा पांच दिन के भीतर कारणों के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतका



के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए रिजॉर्ट बेसिक होम स्टे संचालक और उसके कुक पंकज को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।
उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर संगमचट्टी क्षेत्र के कफलौं के नजदीक स्थित रिजॉर्ट बेसिक होम स्टे में अंजलि का फंदे से लटकी मिली। रिजार्ट स्वामी अनिल कुडियाल के घर पर उक्त युवती बच्चों की देखभाल का कार्य करती थी। बीते शुक्रवार को युवती फंदे से लटकी मिली इसकी सूचना रिजॉर्ट मालिक ने पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वीडियो व फोटो ग्राफी कर नाबालिग को नीचे उतारा।
अंजलि की मौत की वजह क्या है? अभी तक इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अनिल और पंकज को गिरफ्तार करने के साथ ही एक और लड़के को पूछताछ के लिए लाई है। बताया जा रहा कि उस रात इस लड़के की अंजलि को कॉल आई थी,लेकिन अंजलि ने उसका फोन रिसीव नहीं किया। इससे पहले भी अंजलि इस लड़के के संपर्क में थी। बहरहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। इधर एसएसपी अर्पण यदुवंशी ने कहा कि पुलिस तमाम साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि रिजॉर्ट सीज किया गया है और वहां मौजूद फिंगर प्रिंट समेत अन्य साक्ष्य भी फारेंसिक टीम ने जुटा लिए हैं। उन्होंने कहा मामले पूछताछ चल रही है और पांच दिन में मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो मामले की एसआईटी जांच भी की जाएगी। बहरहाल रविवार को युवती का अंतिम संस्कार केदारघाटी स्थित भागीरथी तट पर कर दिया गया है, लेकिन पूरे मामले अभी पर्दा उठाना बाकी है।

# पुरसाड़ी कारागार के बंदियों को दिया छह दिवसीय मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
एसबीआई आर सेटी की ओर से जिला प्रशासन चमोली के दिशा निर्देशन पर जिला कारागार पुरसाडी में बंद 31 कैदियों को छह दिवसीय मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसका समापन रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन सिमरन जीत कौर के हाथों से प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।
एसबीआई आर सेटी की ओर से पुरसाड़ी कारागार में बंद कैदियों को छह दिवसीय मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर



बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद बंदी जब यहां से अपनी सजा काटने के बाद अपने घर वापस लौटेंगे तो उन्हें स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए आसानी होगी और समाज में अपनी एक नई पहचान भी कायम कर सकेंगे।
इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक देवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर कैदियों को दिए गये इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कैदियों के जीवन स्तर में सुधार करना और उन्हें समाज में बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कैदी अपनी सजा समाप्त करने के बाद इस प्रशिक्षण से स्वरोजगार अपना सकते हैं और इसके लिए बैंक से ऋण की व्यवस्था भी है। इस मौके पर चंद्रमोहन सिंह आदि भी मौजूद थे।

# संपादकीय

## सदन को हंगामा नही चर्चा चाहिए

**पिछले** कुछ सालों से ऐसा लगने लगा है कि संसद और विधानसभा सत्र की लगातार बाधित होती कार्यवाही प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुका है। हालांकि सैद्धांतिक तौर से ऐसा नहीं है, लेकिन व्यवहार में हम ऐसा ही देख रहे हैं। राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही सदनों और राज्यों की विधानसभाओं में सत्र के दौरान हंगामा और अवरोध का ही बोलबाला रहा। हालांकि संसद में ये जो हंगामा हुआ है. इसके पीछे एक पृष्ठभूमि है। दरअसल सरकार की ओर से एक एडवाइजरी जारी की गई कि सदन में कोई भी धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी या तख्तियां लेकर हंगामा नहीं होगा। दूसरी वजह है सरकार की ओर से दिशा-निर्देश की एक पुस्तिका जारी करना है। इसमें असंसदीय शब्दों का दायरे में भ्रष्टाचार और तानाशाही जैसे शब्दों को भी शामिल कर लिया गया। विपक्ष ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करता रहा है। कांग्रेस की सरकार में भी ऐसी एडवाइजरी जारी की गई थी लेकिन अनुरोध किया गया था। लेकिन मोदी सरकार ने काफी कड़ा रुख लिया है। विपक्ष की नाराजगी की एक वजह ये भी है। भले ही विपक्ष कमजोर है. लेकिन वह जनता को दिखाना चाहता है कि वह उनके मुद्दों को उठा रहा है। दूसरी ओर सरकार अपने रुख पर अड़ी दिखती हें ? देखिये ऐसी स्थिति में तो फायदा सरकार को हो रहा है। सरकार जो बिल पारित कराना चाहती है करा रही है. इस पर चर्चा नहीं हो रही है। जबकि बिल संसद की आत्मा है। जब बिल पर ही चर्चा नहीं हो रही है तो फिर क्या रह जाता है। ऐसा ही सख्त लहाजा इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान योगी सरकार द्वारा अपनाया जा चुका है। बहरहाल इसका सीधा उदाहरण पिछली अगस्त के मानसून सत्र के दौरान देखा जा चुका है जिसमें सदन में 23 विधेयक पास किए गए और इनमें 20 विधेयक ऐसे थे जिन पर एक घन्टे भी चंचा नही हुई ! इसी तरह इसके पूर्व जुलाई में इण्डिया गठबंधन ने बिना सोचे समझें प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास की पैरोकारी कर डाली और वह औधे मुंह गिर पड़ें। संसद डायलॉग का रास्ता है. आपको बैठ कर बीच का रास्ता निकालना होगा. तभी संसद चल पाएगी और कामकाज हो सकेगाश्श संसद के कामकाज का इस तरह हंगामे की भेंट चढ़ जाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं माना जाता है।हमारे और आपके द्वारा चुने गए नेताओं के संसद में शोर और हल्ला करने से देश की इकोनॉमी पर काफी असर पड़ रहा है। देश में रहने वाले करदाताओं का पैसों का नुकसान हर घंटे केवल संसद में नेताओं के हो-हल्ले के कारण हो रहा है।संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख (2.5 लाख) रुपये खर्च का अनुमान है।आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये (1.5 करोड़) खर्च हो जाता है। इसी तरह विधानसभाओं का खर्च है अगर मान लो किसी राज्य की विधानसभा का सालाना बजट 100 करोड़ रुपए है, जिसमें से 15 करोड़ रुपए अनुदान, वेतन और खर्चों के रहते हैं। बाकी 85 करोड़ रुपए सदन की कार्रवाई के संचालन पर खर्च होते हैं। यानी सालभर में तकरीबन 45 बैठकें होती हैं। इस हिसाब से एक दिन की बैठक के दौरान पांच घंटे सदन की कार्रवाई चलती है, जिस पर 2 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक घंटे की कार्रवाई पर 40 लाख रुपए और 1 मिनट की कार्रवाई पर खर्च 66 हजार रुपए के करीब है। इसके अलावा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लगाई जाने वाली पुलिस और अन्य सुरक्षा के साथ सदन के आसपास की यातायात व्यवस्था के ध्वस्तीकरण से कोई अनजान नही है।

# इतनी नफरत इतना जहर?

तनवीर जाफरी

> जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्टभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है

**हमारे** भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भावना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम,रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों ,जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम खान सूर रहे हों ,जिस देश में छत्रपति शिवजी महाराज के कई सेनापति,नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों,जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्टभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आजादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई जिक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुजूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफरत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, खासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में जरूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाजा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों,शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं,मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं,हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है,जिहाद,लव जिहाद,अजान और हिजाब



जैसे विषय उछाले जाते हैं,इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है,ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है,संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है। पिछले दिनों ऐसी ही रुग्ण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया।

दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा खातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीके से इसी आयोजन में नफरत का 'एंगल' साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफरत के इन सौदागरों का कहना था कि " विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए ?" जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि "वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे।

अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम?" वे सवाल उठाते हैं, "अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? " पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, "हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है. ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है।" सपा विधायक के निमंत्रण पर "कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि

"जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया। " पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि -मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। "उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि "साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा खातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। " "इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत नहीं है। " विधायक ने कहा कि "अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं जरूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं। "

ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफरत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ?

क्या उनकी अब भी दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को शुद्ध करने की कोई योजना है ? दूसरी बात यह कि मंदिरों या हवन में प्रवेश करने व शामिल होने के लिये क्या शाकाहारी होना जरूरी है ? यदि जरूरी है,तो फितना फैलाने वाली इसी पार्टी व विचारधारा के तमाम नेता न केवल माँसाहारी हैं बल्कि गोभक्षक भी हैं। देश में सभी धर्मों व जातियों में तमाम मांसाहारी लोग पाये जाते हैं। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई माँसाहारी थे। देश के गृह मंत्री किरण रिजिजू तो गोभक्षक हैं। इन सबसे किसी को कोई तकलीफ नहीं ? भाजपाई मुस्लिम नेता किसी भी मंदिर में जाएँ तो कोई आपत्ति नहीं परन्तु सपा मुस्लिम नेता यज्ञ में गयीं तो आपत्तिजनक ? इस अवसरवादी दोहरे चरित्र को देखकर अक्सर यह खयाल आता है कि इतनी नफरत, इतना जहर यह लोग आखिर लाते कहाँ से हैं ?

# कविता

दिल पे इक नक़्श मोहब्बत का
बना आती है
जब नजर मेरी नजर उन से मिला आती है
हो न हो फूलों सा वो जिस्म छुवा है इस ने
इस कदर खुशबू में डूबी जो हवा आती है

मेरे हमराह गुजारे हुए अय्याम की याद
जा के उस शोख की नींदों को उड़ा आती
है
उस के बिन अब कहीं लगता ही नहीं जी
मेरा
उस को दिल मोहने वाली क्या दुआ आती
है
अव्वलन हौले से तुम ने जो पुकारा था मुझे
मेरे कानों तक अभी भी वो निदा आती
है
जा के उस तक मेरी शोहरत के वसाएल की
चमक
मेरा एहसासे - वजूद उस को दिला
आती है
ये मेरे जज्ब-ए-ईसार का सदका है जो
वादि-ए-इश्क से खुशबू-ए-वफा आती है

जकी तारिक बाराबंकवी

# जंगल में चुनाव रिजल्ट आया!

रामविलास जांगिड़

**जंगल में चुनाव** हो गए और सभी नेता मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम बिकने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। चॉपर हेलीकॉप्टर हवाओं में मंडराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। मेंढ़क छाप असली नेताओं की यह कस्तानी जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! हेलीकॉप्टर चॉपर में मंडराते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे इंस्टाग्राम पर इतने टरार्ये कि फेसबुक खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। बिक रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई! मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी। मेंढ़क मछलियों को निगलने लगे। मछलियां क्या करे?

# विचार

## करियर और नौकरी पहचानने के आसान तरीके

विजय गर्ग

**कर्मचारी आगे** बढ़ने और प्रगति करने के इच्छुक हैं। लगातार 15, 20 या 30 साल तक एक ही नौकरी करने के दिन गए। आज के कर्मचारी कैरियर में प्रगति और अपने कौशल को बढ़ाने के अवसरों की इच्छा रखते हैं, जेन जेड और सहस्राब्दी सहित युवा कर्मचारी किसी भी पुरानी पीढ़ी की तुलना में अपने अगले नौकरी के अवसर पर विचार करते समय कैरियर की प्रगति और विकास को प्राथमिकता देने की अधिक संभावना रखते हैं। जिपिया के एक अध्ययन से पता चला है कि लगभग 76% कर्मचारी करियर विस्तार के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, जबकि 2019 के एक अन्य सर्वेक्षण से पता चला है कि अगर किसी अन्य नियोक्ता के पास प्रगति का मौका दिया जाता है तो 86% कर्मचारी नौकरी बदल लेंगे। और स्थिति को और भी अनुकूल बनाने के लिए उपलब्ध अवसर अनंत हैं। आज कई उच्च-विकास वाले उद्योग हैं जिनमें कई कैरियर पथ और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, विज्ञान, लॉजिस्टिक्स और फिटनेस सहित एक मजबूत भविष्य का दृष्टिकोण है। जैसे ही आप अपने करियर की यात्रा में अगला कदम उठाते हैं, चुनौती ढेर सारे अवसरों का पता लगाने और यह जानने में होती है कि जो आपके लिए सही है उसे कैसे और कहां खोजें। यदि आप इस आने वाले वर्ष में खुद को चुनौती देना चाहते हैं और अपने करियर के विकास में तेजी लाने के लिए एक नए अवसर को अपनाने के लिए तैयार हैं, तो यहां पांच आसान तरीके दिए गए हैं जिनसे आप करियर और नौकरी के अवसरों की पहचान कर सकते हैं और अपने करियर की संभावनाओं में तेजी ला सकते हैं: 1. रुझानों का अध्ययन करें करियर रुझान के दो मुख्य प्रकार हैं: वैश्विक प्रकार (जिसका विश्वव्यापी प्रभाव होता है और जो आपकी नौकरी या उद्योग को प्रभावित कर सकता है) और उद्योग-विशिष्ट रुझान, जो छोटे पैमाने के होते हैं और केवल उस उद्योग में बदलाव तक ही सीमित होते हैं। इन दोनों प्रवृत्तियों को पहचानना और उनके साथ तालमेल बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, हम पहले से ही जानते हैं कि प्रौद्योगिकी एक तेजी से विकसित होने वाला उद्योग है; लेकिन एआई के वैश्विक प्रभाव पैदा करने के साथ, इस पर आपको विचार करने की जरूरत है, भले ही आप तकनीक में काम नहीं करते हों क्योंकि यह आपकी नौकरी और उसके भविष्य के लिए बड़ा महत्व हो सकता है। श्रम बाजार की जानकारी का अध्ययन करें, विभिन्न उद्योगों और भूमिकाओं में लोगों के साथ लक्षित साक्षात्कार आयोजित करें, और काम की दुनिया में क्या चल रहा है, यह समझने के लिए कुछ खुदाई और विश्लेषण ऑनलाइन करें। इस शोध के माध्यम से आप श्रम की मांग अधिक होने पर कौशल बढ़ाने और जल्दी काम शुरू करने के अवसरों की पहचान कर सकते हैं। 2. मार्केट गैप को पहचानें सतर्क रहें और अपने रचनात्मक समस्या-समाधान कौशल को काम में लगाएं। एक उद्यमी की तरह किसी उद्योग का विश्लेषण करें, और अपने आप से पूछें, "मेरे वर्षों के अनुभव, विविध विशेषज्ञता और अद्वितीय कौशल सेट के साथ, मैं अपने सुविधाजनक दृष्टिकोण से अर्थव्यवस्था में क्या अद्वितीय योगदान दे सकता हूं? 3. परामर्श प्राप्त करें अपनी नौकरी के लिए सक्रिय रूप से एक सलाहकार की तलाश करें, अधिमानत: कोई ऐसा व्यक्ति जो आपके उद्योग में अधिक वरिष्ठ या अनुभवी हो और पहले से ही अपने करियर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पार कर चुका हो। वे आपको आपके द्वारा खोजे जा सकने वाले विभिन्न कैरियर पथों पर सलाह देने में सक्षम होंगे और अपने व्यक्तिगत अनुभव से आपको मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। 4. स्व-मूल्यांकन ऑनलाइन करियर मूल्यांकन अमूल्य उपकरण हैं जो आपको अपने मूल मूल्यों, व्यक्तित्व, कामकाजी प्राथमिकताओं और कौशल के अनुरूप करियर के अवसरों का पता लगाने में सक्षम बनाते हैं। प्रशिक्षक की सहायता के साथ ऑनलाइन मूल्यांकन के संयोजन पर विचार करें। सही कैरियर कोच एक उपयोगी संसाधन हो सकता है क्योंकि वे आपको आपके लक्ष्यों के लिए मार्गदर्शन और सशक्त बनाएंगे, और उनके इनपुट और विशेषज्ञता के माध्यम से आप अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने, उभरती नौकरी और कैरियर के अवसरों का पता लगाने और बॉक्स के बाहर सोचने में सक्षम होंगे।

5. नेटवर्क यह सिद्ध हो चुका है कि नेटवर्किंग से अत्यधिक लाभ मिलता हैकैरियर विकास और नई नौकरी के अवसर। वास्तव में, 2022 के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18% पेशेवर मानक प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता के बिना सीधे अपने नेटवर्क तक पहुंचने के लिए अपनी नौकरी खोजने का श्रेय देते हैं, 24% को उनके ऑनलाइन व्यक्तिगत ब्रांडिंग या नेटवर्क रेफरल के कारण परेशान किया गया था, और 55% का मानना ??है कि रेफरल ने उन्हें नौकरी के साक्षात्कार चरण तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कभी भी अपने नेटवर्क की शक्ति को कम मत आंकिए और जब आप सही लोगों तक पहुंचेंगे और उनके साथ संबंध बनाएंगे तो कौन सी नौकरियां और करियर के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं की लोकसभा में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा

**हाल** ही सम्पन्न पांच राज्यों में से चार राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में बेहतर परिणाम दिये हैं। वह तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही है और एक राज्य में पहले से अच्छा कर रही है। विधानसभा चुनाव के परिणाम से जनता के मन में क्या चल रहा है,वह किस के पक्ष में है जानने को मिलता है अर्थात वह किस तरह कामों वाली पार्टी की सरकार को पसंद करती है। वस्तुतः मेरी दृष्टि में जिस पार्टी की सरकार बनने जा रही है उसके लिए भी दिशा निर्देश है कि उसे किस दिशा में,किन लक्ष्यों को सामने रख कर आगे बढ़ना चाहिए। विधानसभा चुनावों के इन परिणामों से स्पष्ट है कि जनता उस पार्टी और सरकार को चुनती है जिसकी नीति और नीयत साफ हो, कथनी और करनी में अंतर कम हो और जिसकी नीतियां और कार्यक्रम गरीबों के लिए हों, दीन दुखियों के लिये हो , आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हो, आरक्षित वर्ग के लोगों के लिए हो,जिसकी मंशा विकास के लिए काम करने की हो,युवा वर्ग के लिए काम करने की हो, बेहतर शिक्षा देने और नये रोजगार सृजन की हो ,जिसके प्रयास महंगाई को कम करने वाले हों,जिसका संकल्प अपराध रहित कानूनी राज्य की स्थापना हो। इन सबसे ऊपर जिसके साथ राष्ट्रवादी विचारधारा हो।इन परिणामों से यह भी स्पष्ट है कि जनता अब समझदार होती जा रही है। वह क्षणिक रूप से, केवल चुनाव के समय किये गए वादों से प्रभावित नहीं होती। वह अब समझदार हो गई है,विचार करने लगे हैं कि कौन सही माने में चुनाव के समय किए गए वादों को धरातल पर उतार सकता है। परिणाम बताते हैं कि जनता के अनुसार सरकारों को ईमानदारी से प्रयास ना सिर्फ करना चाहिए अपितु उसके प्रयास धरातल पर दिखना भी चाहिए, जनता तक पहुंचना भी चाहिए।

## भिखमंगे कटोरे में बेरोजगारी भत्ता

जनता बड़ी समझदार है। उसके सामने घुमा-फिराकर बात करना बेकार है। सीधी सी बात यह है कि फलाने राज्य में चुनाव है। फलाने पार्टी ने जनता को अपने जाल में फांसने के लिए एक तरकीब सोची है। त्यौहारों में ग्राहकों को फांसने के लिए कंपनियाँ जितने रंगीन प्रचार करते हैं, उससे कई गुना ज्यादा प्रचार नेतागण चुनाव के समय करते हैं। दोनों का काम मुनाफा कमाना है। भले इसमें ह्यटू इन वन टाइप ग्राहक-कम-मतदाताङ्ख टांय-टांय फिस्स ही क्यों न कर दे। इस बार फलाना पार्टी ने बेरोजगारी भत्ता के नाम पर बेकार, लाचार और हवा के साथ होड़ लेकर फालतू में घूमने वाले लोगों को रिझाने का पैंतरा फेंका। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि यह योजना क्या हैङ्क कौन व्यक्ति इसके लिए पात्र हैङ्क योजना के क्या फायदे हैं और योजना का फायदा उठाने के लिए कौन सी प्रक्रिया पूरी करनी होगी-

**क्या है योजना:** वैसे यह योजना बेरोजगारों के लिए है। लेकिन अंदर की बात यह है कि काम-धंधे वाले भी आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते कि आपकी पहुँच होनी चाहिए। बेरोजगारी की महामारी कोरोना से भी अधिक है। समय ऐसा आ गया है कि हाथ धोने के लिए साबुन मिले न मिले नौकरी से हाथ धोने वाले अधिक मिल जायेंगे। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए फलाना पार्टी ने ह्यबेरोजगार भत्ता ले और कुछ मत दे' नाम से एक ऐसी योजना शुरू की जिसमें ह्यमतङ्ख शब्द का प्रयोग ह्यक्रियाङ्ख के रूप में नहीं ह्यसंज्ञाङ्ख के रूप में हुई है। इसके लिए पात्र व्यक्ति फलाना पार्टी के ऑफिस में अपना नाम दर्ज करवाकर लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए पात्र व्यक्ति का ह्यअठारह वर्षङ्ख का होना जरूरी है। अनिवार्य शर्त यह है कि वे फलाना पार्टी के निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित हों। विशेष बात कि यहाँ पर रंग, जात-पात, धर्म, भाषा, प्रांत के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा।

**योजना की खास बातें:** यह योजना मात्र चुनावों तक खुली है। ह्यपहले आओ पहले पाओङ्ख के आधार पर भत्ते के लिए उन बेरोजगारों का चयन किया जा रहा है जो मनुष्य होने से पहले मतदाता हैं। वैसे मनुष्य होना अनिवार्य शर्त नहीं है। ऐसे बेरोजगार जो अपने साथ अधिक मतबल रखते हैं, उनसे पार्टी का मतलब होता है।

**कितनी बार मिलेगा लाभ:** इस योजना के अंतर्गत बेरोजगार पाँच साल में एक बार ही लाभ उठा सकते हैं। उस दिन पार्टी वाले आपके पैरों में गिरेंगे। बाकी दिनों में जनता उनके पैरों में गिरेगी। गिरने की प्रक्रिया दोनों ही संदर्भों में अनिवार्य शर्त रहेगी। एक बार भत्ता मिल जाने पर आप रोजगार कहलायेंगे। यदि पार्टी चुनाव में जीत जाती है तो वह आपको किसी भी कारण से लड़ा सकती है, झुका सकती है, तोड़ सकती है, किंतु आप उन्हें बेरोजगारी के नाम पर डरा-धमका नहीं सकते। अन्यथा यह जघन्य अपराध माना जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 04 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मुख्यमंत्री योगी ने 242 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

## सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है, परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा।

जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम



की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई।

**2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी:** सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें।

## 'दिव्यांगजनों के कौशल को पहचानने की है जरूरत'

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री दुनियाभर के दिव्यांगों को आत्म सम्मान प्राप्त करने के लिए उन्हें विकलांग से दिव्यांग शब्द दिया। कोई भी व्यक्ति अपरिपक्व की स्थिति में है तो उसके साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने इसी सहानुभूति को दर्शाने के लिए प्रधानमंत्री ने यह शब्द उच्चारण की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं। वह रविवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल आडिटोरियम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के कौशल को समय से पहचानने की जरूरत है। यदि समय से पहचान हो जाए तो वे हर जौहर को दिखाने में सफल होंगे। प्रदेश में दिव्यांगजन को बांधा रहित वातावरण



**सीएम बोले**

**8 विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में दिव्यांगजनों के लिए की जा रही हर व्यवस्था।**

दिये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसका प्रयास हर जगह हो रहा है। उप्र परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के अंदर दिव्यांगजन की चिकित्सा के लिए 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग हर काम को कर सकता है। उनके प्रयासों को सही दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने 2016 में दिव्यांगजन अधिनियम लागू किया था। राज्य सरकार ने दिव्यांगजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हमने अब 300 से 1000 रुपये मासिक पेंशन देने की कार्रवाई की है। पहले 312 करोड़ था, अब 1120 करोड़ रुपये दिव्यांगजन के लिए व्यवस्था की गयी है।

## जनता को मोदी निंदा बर्दाश्त नहीं: सीएम शिंदे



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा बर्दाश्त नहीं है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के बारे में जो निंदा की गई थी, उसका जनता ने करारा जवाब दिया है। इसी का परिणाम है कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा विजय की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री शिंदे रविवार को यहां चार राज्यों की मतगणना पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य जनता के मन में हैं, इसीलिए इन चुनाव परिणामों से मन-मन में मोदी होना साबित हो गया है।

## भाजपा की बढत कायम, नहीं चली गहलोत की गारंटी



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के शुरूआती रुझान के साथ ही भारतीय जनता पार्टी जीत की ओर अग्रसर होते हुए बहुमत का आंकडा पार करती दिखाई दे रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की गारंटी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी भारी पड़ती दिख रही है। सुबह ग्यारह बजे तक के रुझानों में भाजपा 115 और कांग्रेस 68 सीटों पर आगे चल रही है। अन्य 16 सीटों पर निर्दलीय व अन्य दलों के उम्मीदवार आगे हैं। सरदारपुरा सीट से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आगे चल रहे हैं। विद्याधर नगर सीट से दीया कुमारी आगे चल रही हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आगे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी,नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड पीछे चल रहे हैं। आमेर सीट से भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी पीछे चल रहे हैं। दोपहर एक बजे तक यह तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी कि नई सरकार किसकी होगी।



देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्र ने 139वीं जयंती पर याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## मुख्यमंत्री ने गैस त्रासदी की बरसी पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

भोपाल गैस कांड की आज 39वीं बरसी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर असमय अपनी जान गंवाने वाले दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा भोपाल गैस त्रासदी ने कई अनमोल जिंदगियों को हमसे छीना है। इस भीषणतम त्रासदी में असमय प्राण गंवाने वाले सभी दिवंगतों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि ऐसी काली रात की पुनरावृति फिर कभी न हो और समाज को कभी इस तरह की भयावह त्रासदी का सामना न करना पड़े। सर्वधर्म सभा आयोजन में पहुंचेभोपाल गैस

**श्रद्धांजलि**

**8 ट्वीट कर अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा भोपाल गैस त्रासदी ने कई अनमोल जिंदगियों को हमसे छीना है।**

त्रासदी की बरसी पर रविवार को भोपाल के करोंद में स्थित भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया। चुनावी गहमागहमियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस सर्वधर्म सभा में पहुंचे और गैस कांड में मारे गए लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भी 2-3 दिसंबर की वो रात याद आती है तो हम कांप उठते हैं।

